**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**17.09.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे**

**मध्यप्रदेश–पीएम**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के धार जिले में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने मातृवंदना योजना के तहत वित्तीय सहायता के रूप में 15 लाख से अधिक महिलाओं को धनराशि भी हस्तांतरित की। उन्होंने महिलाओं से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में अपनी जांच करवाने का आग्रह किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के एक सौ 40 करोड़ लोगों ने विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है।

------------------------------------------------------------------------

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में बीते दो दिनों के दौरान भारी वर्षा से हुए नुकसान की समीक्षा के लिए आज शिमला में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने प्राकृतिक आपदा से हुई जानमाल की क्षति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सितम्बर माह में राज्य में सामान्य से एक सौ 36 प्रतिशत अधिक बारिश जबकि पूरे मॉनसून सीजन के दौरान अब तक 45 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सभी उपायुक्तों को सतर्क रहने और प्रभावित क्षेत्रों का व्यक्तिगत रूप से दौरा कर राहत व पुनर्वास कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विशेषकर सेब उत्पादक क्षेत्रों में सड़क संपर्क शीघ्र बहाल करने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

------------------------------------------------------------------------

**जीएसटी सुधार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले के प्राचीर से अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने 3 सितम्बंर को नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर की दरें कम कर दी। आज, हम कुछ ऐसी वस्तुओं के बारे में बता रहे हैं जिन पर वस्तु और सेवा कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

------------------------------------------------------------------------

**भाजपा सेवा पखवाड़ा**

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन है इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी समूचे देश में सेवा पखवाड़ा मना रही है। यह पखवाड़ा आज से 2 अक्टूबर तक चलेगा। प्रधानमंत्री के जन्मदिन से लेकर गांधी जयंती तक भाजपा, केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर जागरूकता अभियानों की एक श्रृंखला शुरू करेगी। भाजपा सेवा पखवाड़े के दौरान, अलग–अलग विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी।

इधर प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। इसके तहत भाजपा ने शिमला के गेयटी थिएटर में आज प्रधानमंत्री मोदी की जीवनी पर आधारित एक प्रदर्शनी लगाई जिसका शुभारंभ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने किया। बाद में उन्होंने भाजयुमो द्वारा आयोजित एक रक्तदान शिविर में भी भाग लिया। इस मौके पर बिन्दल ने कहा कि ये देश का सौभाग्य है कि नरेन्द्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री देश को मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 से भारत को विश्व में शक्तिशाली राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा किया है।

-----------------------------------------------------------------------------